# IInd Semester

## Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi | |
| **Course Code:** MAHI- 106 | **Course Title:** हिन्दी साहित्य का इतिहास |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी के विकास में अपभ्रंश साहित्य का योगदान बताइए। | 2 |
| 2 | 'अष्टाछाप' से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| 3 | खड़ी बोली गद्य के विकास के प्रमुख कारण बताइए। | 2 |
| 4 | उत्तर छायावाद के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए। | 2 |
| 5 | हिन्दी आलोचना में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का योगदान स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 6 | उर्दू भाषा की उत्पत्ति एवं विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए। | 2 |

**SECTION- B**

**6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7 | हिन्दी साहित्य के काल विभाजन और नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालते हुए सर्वाधिक प्रचलित मत की पुष्टि में अपना तर्क दीजिए। | 6 |
| 8 | भक्तिकाल के उदय की पृष्ठभूमि बताते हुए इसके अखिल भारतीय स्वरूप का परिचय दीजिए। | 6 |
| 9 | समकालीन बोध का स्वरूप स्पष्ट करते हुए समकालीन हिन्दी गद्य की विविध विधाओं का वैशिष्ट्य बताइए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 | |
| **Program Name:** MA Hindi | | |
| **Course Code:** MAHI- 107 | | **Course Title:** नवजागरण कालीन काव्य |

**NOTE: All questions are compulsory**

## SECTION-A

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1 | मैथिलीशरण गुप्त जी की कविता में नवजागरण की अभिव्यक्ति पर प्रकाश डालिए। | 2 |
| 2 | 'आँसू' का काव्यरूप स्पष्ट करते हुए इसमें निहित प्रेमानुभूति का वैशिष्ट्य बताइए। | 2 |
| 3 | कवि सुमित्रानन्दन पन्त के प्रकृति–चित्रण की विशेषताएँ बताइए। | 2 |
| 4 | सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के काव्य में प्रयोगशीलता की विभिन्न दिशाओं को रेखांकित कीजिए। | 2 |
| 5 | महादेवी वर्मा की कविता में शिल्प–विधान के वैशिष्ट्य को रेखांकित कीजिए। | 2 |
| 6 | दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति पर प्रकाश डालिए। | 2 |

## SECTION- B

**6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7 | भारतेन्दु और मैथिलीशरण गुप्त की काव्य–भाषा और शिल्प की तुलना कीजिए। | 6 |
| 8 | 'कामायनी' महाकाव्य में श्रद्धा के सौन्दर्य वर्णन का काव्यगत वैशिष्ट्य निरूपित कीजिए। | 6 |
| 9 | सिद्ध कीजिए कि 'राम की शक्तिपूजा' में कवि निराला का आत्म–संघर्ष मुखरित हुआ है जो तत्कालीन सामाजिक चेतना से जुड़ गया है। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 | |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | | |
| **Course Code:** MAHI- 108 | | **Course Title:** उपन्यास : स्वरूप एवं विकास |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1 | यथार्थवादी उपन्यास से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| 2 | उपन्यास और आत्मकथा में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 3 | संवाद योजना से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| 4 | आँचलिक उपन्यास को परिभाषित कीजिए। | 2 |
| 5 | उपन्यास की जीवनीपरक शैली क्या है? | 2 |
| 6 | उपन्यास और कहानी में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2 |

**SECTION- B**

**6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7 | कथावस्तु के स्वरूप के आधार पर उपन्यास का वर्गीकरण कीजिए। | 6 |
| 8 | उपन्यास के तत्वों का विस्तृत वर्णन कीजिए। | 6 |
| 9 | वैश्विक साहित्य में उपन्यास के उदय की व्याख्या कीजिए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 | |
| **Program Name:** MA Hindi | | |
| **Course Code:** MAHI- 109 | **Course Title:** भारतीय उपन्यास | |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| Q.No. | NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words) | Marks |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय उपन्यास में राष्ट्रीय चेतना को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 2 | मनोवैज्ञानिक उपन्यास से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| 3 | उपन्यास में राष्ट्रीय चेतना को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 4 | तिलस्मी और जासूसी उपन्यास को समझाइये। | 2 |
| 5 | हिन्दी उपन्यास के उदय में नवजागरण के योगदान को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 6 | बांग्ला उपन्यासों के स्वर्ण युग को स्पष्ट कीजिए। | 2 |

**SECTION- B**

**6*3=18 marks**

| Q. No. | NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words) | Marks |
|---|---|---|
| 7 | भारतीय उपन्यास में जातीय चेतना का विश्लेषण कीजिए। | 6 |
| 8 | मलयालम में उपन्यास लेखन परंपरा का वर्णन कीजिए। | 6 |
| 9 | मध्यवर्गीय जीवन से सम्बद्ध उपन्यास में यथार्थवाद का मूल्यांकन कीजिए। | 6 |

# शोध प्रस्ताव - 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 100 |
| **Program Name:** MA Hindi ( MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 110 | **Course Title:** शोध–प्रस्ताव |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**एम.ए.हिन्दी ( MAHI) के प्रश्नपत्र 110 (शोध प्रस्ताव) के संबंध में आवश्यक निर्देश**

MA हिन्दी के द्वितीय सेमेस्टर का **MAHI-110 'शोध प्रस्ताव'** नामक प्रश्नपत्र में छात्रों को हिन्दी भाषा, साहित्य, आलोचना, पत्रकारिता आदि से संबंधित किसी एक विषय पर शोध–प्रस्ताव बनाना होगा तथा अधिन्यास कार्य के साथ ही निर्धारित तिथि के भीतर अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करना होगा।

**शोध प्रस्ताव के स्वरूप के संबंध में आवश्यक निर्देश–**

1. शोध प्रस्ताव का विषय हिन्दी भाषा अथवा साहित्य से संबंधित होना चाहिए।
2. शोध–प्रस्ताव हेतु निर्देशक शिक्षार्थी के अध्ययन केन्द्र के हिन्दी विषय के प्राध्यापक अथवा काउंसलर होने चाहिए। उन्हीं के निर्देशन में छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार उपयुक्त विषय चुनकर MAHI-110 के अन्तर्गत उस पर शोध प्रस्ताव/शोध रूपरेखा बनानी अनिवार्य है।
3. शोध–प्रस्ताव में सबसे पहले कवर पेज होगा, जिसमें विश्वविद्यालय का नाम, कार्यक्रम/प्रश्न–पत्र का नाम तथा कोड, शोध–प्रस्ताव का शीर्षक, प्रस्तुतकर्ता छात्र का नाम, नामांकन संख्या, अध्ययन केन्द्र का नाम व कोड आदि के साथ शोध–प्रस्ताव निर्देशक का नाम व पदनाम अंकित करना आवश्यक है।
4. कवर पेज के बाद प्रस्तावना के अंतर्गत शोध के विषय/शीर्षक का महत्व और उपादेयता बताते हुए इस शोध–प्रस्ताव के विषय से संबंधित पहले से विद्यमान शोध कार्यों का उल्लेख (संबंधित साहित्य का सर्वेक्षण) करना है। फिर अपने वर्तमान शोध अध्ययन के उद्देश्य तथा इसमें प्रयोग की जाने वाली शोध पद्धति का विवरण देते हुए शोध योजना को लगभग 7 से 12 अध्यायों में विभाजित करके उनके शीर्षक तथा उपशीर्षकों की सूची भी प्रस्तुत की जानी है।
5. उपर्युक्त अध्याय विभाजन के पश्चात् सबसे अन्त में इस शोध कार्य में प्रयोग किये जाने वाले संदर्भ ग्रन्थों की सूची भी देना अनिवार्य है, जिसमें पुस्तक का नाम, लेखक एवं प्रकाशक का उल्लेख करना अनिवार्य है।
6. शिक्षार्थियों को यह शोध–प्रस्ताव कुल मिलाकर 12 से 20 पेज (प्रति पेज 250 शब्द) तक बनाना होगा।
7. शोध प्रस्ताव का मूल्यांकन 100 अंकों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा तय की गयी मूल्यांकन नीति द्वारा किया जायेगा।
8. यदि कोई छात्र निर्धारित अवधि (अधिन्यास जमा करने की अंतिम तिथि) के भीतर शोध–प्रस्ताव 02 प्रतियों में अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा नहीं करता है तो उसका उस सेमेस्टर का परीक्षाफल अपूर्ण रह जायेगा।

   प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर जमा किए गए शोध–प्रस्ताव की 01 प्रति केन्द्र समन्वयक के माध्यम से मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में प्रेषित की जाएगी।

**नोट– शिक्षार्थियों को शोध–प्रस्ताव मुद्रित रूप में तीन प्रतियों में बनाना होना जिसमें से दो प्रतियाँ अध्ययन केन्द्र पर जमा करनी होंगी तथा एक प्रति शिक्षार्थी स्वयं अपने पास सुरक्षित रखेगा।**

# III$^{rd}$ Semester

## Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 111 | **Course Title:** निबन्ध और अन्य गद्य विधाएँ |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | रिपोर्ताज विधा को परिभाषित करते हुए, बताइए कि इसमें लेखक किस प्रकार पाठकों को घटनाओं के प्रति आकर्षित करता है? | 2 |
| 2. | 'असंगत नाटक' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 3. | 'साक्षात्कार' विधा को परिभाषित करते हुए इसकी लेखन शैली की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 4. | 'कलम का सिपाही' जीवनी की शिल्पगत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 5. | हिंदी में 'संस्मरण' लेखन की परंपरा कब शुरू हुई और इसके प्रमुख प्रारंभिक लेखक कौन थे? | 2 |
| 6. | परसाई जी के निबंध 'तीसरे दर्जे का श्रद्धेय' के प्रतिपाद्य को लिखिए। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | 'धोखा' निबंध में लेखक ने धोखे के सामाजिक और व्यक्तिगत प्रभावों को किस प्रकार उजागर किया है? इस संदर्भ में लेखक के दृष्टिकोण की आलोचना करें। | 6 |
| 8. | 'लोभ और प्रीति' निबंध में आचार्य शुक्ल ने 'लोभ' और 'प्रीति' की तुलना करते समय कौन से महत्वपूर्ण पहलुओं को रेखांकित किया है? | 6 |
| 9. | 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' में बच्चन जी ने अपनी काव्य–यात्रा का विवरण किस तरह से प्रस्तुत किया है और इसका उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है? | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 112 | **Course Title:** छायावादोत्तर काव्य |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | रघुवीर सहाय की काव्यगत विशेषताएँ बताइए। | 2 |
| 2. | श्रीकांत वर्मा की कविताओं के भाषागत वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए। | 2 |
| 3. | नई कविता में नारी के प्रति दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 4. | प्रयोगवाद और नई कविता में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 5. | लंबी कविता क्या है? इस परंपरा का प्रारंभ किस प्रकार हुआ? | 2 |
| 6. | मुक्तिबोध की कविताओं में फैंटेसी के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | नागार्जुन के काव्य में संवेदना के विभिन्न रूपों का विश्लेषण कीजिए। | 6 |
| 8. | मुक्तिबोध के जीवन–दर्शन और काव्य संबंधी दृष्टिकोण का विवेचन कीजिए। | 6 |
| 9. | छायावादोत्तर कविता में प्रयोगवाद और नई कविता की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 113 | **Course Title:** उपन्यास एवं कहानी |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | 'गोदान' उपन्यास के नारी पात्रों के आधार पर प्रेमचन्द के नारी विषयक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए। | 2 |
| 2. | 'धरती धन न अपना' में अभिव्यक्त दलित जीवन की त्रासदी के प्रमुख संदर्भ बताइए। | 2 |
| 3. | 'सूखा बरगद' उपन्यास में रुढ़िवादिता तथा सामाजिक संघर्ष की स्थितियों का वर्णन कीजिए। | 2 |
| 4. | आँचलिकता के परिप्रेक्ष्य में 'मैला आँचल' उपन्यास का वैशिष्ट्य बताइए। | 2 |
| 5. | चरित्र–चित्रण की दृष्टि से 'पुरस्कार' कहानी की समीक्षा कीजिए। | 2 |
| 6. | 'कर्मनाशा की हार' कहानी का सारांश बताते हुए उसका प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | किसान जीवन के महाकाव्य के रूप में 'गोदान' की समीक्षा कीजिए। | 6 |
| 8. | 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में प्रासंगिकता के विभिन्न आयामों की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए। | 6 |
| 9. | मध्यवर्गीय अवसरवादिता और मानवीय मूल्यों के विघटन के परिप्रेक्ष्य में 'चीफ की दावत' कहानी के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 114 | **Course Title:** हिन्दी भाषा |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | भारोपीय भाषा–परिवार से आप क्या समझते हैं? इसकी विशेषताएँ बताइए। | 2 |
| 2. | अवहट्ठ और पुरानी हिन्दी का तात्पर्य समझाइए। | 2 |
| 3. | हिन्दी खड़ी बोली के विकास में ब्रजभाषा और अवधी का योगदान बताइए। | 2 |
| 4. | पश्चिमी हिन्दी तथा पूर्वी हिन्दी में अन्तर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 5. | मानक हिन्दी के शब्द भंडार का संक्षिप्त परिचय दीजिए। | 2 |
| 6. | राजभाषा के रूप में हिन्दी के संवैधानिक विकास का संदर्भ बताइये। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | भारतीय आर्यभाषाओं के विकासात्मक इतिहास का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए। | 6 |
| 8. | 'हिन्दी' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए हिन्दी भाषा के भौगोलिक क्षेत्र तथा उसके अन्तर्गत आने वाली प्रमुख उपभाषाओं और बोलियों का परिचय दीजिए। | 6 |
| 9. | देवनागरी लिपि के नामकरण पर प्रकाश डालते हुए इस लिपि की वैज्ञानिकता का सोदाहरण वर्णन कीजिए। | 6 |

# MAHI-115

## साहित्य सर्वेक्षण/प्रोजेक्ट कार्य 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 100 |
| **Program Name:** MA Hindi ( MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 115 | **Course Title:** साहित्य सर्वेक्षण/प्रोजेक्ट कार्य |

**एम.ए.हिन्दी ( MAHI) के प्रश्नपत्र 115 साहित्य सर्वेक्षण/प्रोजेक्ट कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश**

MA हिन्दी के तृतीय सेमेस्टर के **MAHI-115 साहित्य सर्वेक्षण/प्रोजेक्ट कार्य** नामक प्रश्नपत्र में छात्रों को हिन्दी भाषा, साहित्य, आलोचना, पत्रकारिता आदि से संबंधित किसी एक विषय पर प्रोजेक्ट कार्य करना होगा और अधिन्यास कार्य के साथ ही निर्धारित तिथि के भीतर अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करना होगा।

**साहित्य सर्वेक्षण/प्रोजेक्ट कार्य के स्वरूप के संबंध में आवश्यक निर्देश–**

9. प्रोजेक्ट कार्य का विषय हिन्दी भाषा अथवा साहित्य से संबंधित होना चाहिए।
10. प्रोजेक्ट कार्य हेतु निर्देशक शिक्षार्थी के अध्ययन केन्द्र के हिन्दी विषय के प्राध्यापक अथवा काउंसलर होने चाहिए। उन्हीं के निर्देशन में छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार उपयुक्त विषय चुनकर उस पर साहित्य सर्वेक्षण/ प्रोजेक्ट कार्य करना अनिवार्य है।
11. प्रोजेक्ट कार्य में सबसे पहले कवर पेज होगा, जिसमें विश्वविद्यालय का नाम, कार्यक्रम/प्रश्न–पत्र का नाम तथा कोड, प्रोजेक्ट कार्य का शीर्षक, प्रस्तुतकर्ता छात्र का नाम, नामांकन संख्या, अध्ययन केन्द्र का नाम व कोड आदि के साथ उसके निर्देशक का नाम व पदनाम अंकित करना आवश्यक है।
12. कवर पेज के बाद अगले पेज पर प्रोजेक्ट निर्देशक द्वारा अपने निर्देशन में उस शिक्षार्थी द्वारा किए गए प्रोजेक्ट कार्य के संदर्भ में प्रमाण–पत्र दिया जाना अनिवार्य है।
13. इसके बाद प्रोजेक्ट कार्य की अनुक्रमणिका या विषय–सूची होगी, जिसमें पूरे कार्य को लगभग 7 से 12 अध्यायों में विभाजित करके उनके शीर्षक तथा उपशीर्षकों का उल्लेख होगा।
14. उपर्युक्त अध्याय विभाजन के पश्चात् इस प्रोजेक्ट कार्य/साहित्य सर्वेक्षण का मुख्य भाग होगा, जिसके अन्तर्गत विषय–सूची के क्रम में सभी शीर्षकों पर सामग्री का विस्तार दिया जाना है।
15. प्रोजेक्ट के अन्त में, साहित्य सर्वेक्षण/प्रोजेक्ट कार्य में प्रयोग किए गए संदर्भ ग्रन्थों की सूची भी देना अनिवार्य है जिसमें पुस्तक का नाम, लेखक एवं प्रकाशक का उल्लेख करना अनिवार्य है। कम से कम 15 सन्दर्भों का उल्लेख इसमें होना चाहिए।
16. यह प्रोजेक्ट कार्य शिक्षार्थियों को लगभग 50 से 75 पेज (A4 Size) में बनाना होगा, जिसके हर पेज में औसतन 250 शब्द होने चाहिए।
17. शोध प्रस्ताव का मूल्यांकन 100 अंकों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा तय की गयी मूल्यांकन नीति द्वारा किया जायेगा।
18. यदि कोई छात्र निर्धारित अवधि (अधिन्यास जमा करने की अंतिम तिथि) के भीतर यह प्रोजेक्ट कार्य 02 प्रतियों में अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा नहीं करता है तो उसका उस सेमेस्टर का परीक्षाफल अपूर्ण रह जायेगा।

    प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर जमा किए गए प्रोजेक्ट कार्य की दो प्रतियाँ केन्द्र समन्वयक के माध्यम से मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में प्रेषित की जाएगी।

**नोट– शिक्षार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य मुद्रित रूप में तीन प्रतियों में बनाना होना जिसमें से 01 प्रति अध्ययन केन्द्र पर जमा करनी होंगी तथा एक प्रति शिक्षार्थी स्वयं अपने पास सुरक्षित रखेगा।**

# IV^th Semester

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 116 | **Course Title:** हिंदी उपन्यास : प्रेमचंद का विशेष अध्ययन |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | प्रेमचंद के कौन–कौन से प्रमुख उपन्यास हैं, और वे किस सामाजिक मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हैं? | 2 |
| 2. | प्रेमचंद की आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का उनके साहित्य पर गहरा प्रभाव है, स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 3. | 'रंगभूमि' उपन्यास के पात्र सूरदास की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। | 2 |
| 4. | 'गबन' उपन्यास में प्रस्तुत मध्यमवर्गीय समाज की विडंबनाओं का उल्लेख कीजिए। | 2 |
| 5. | 'प्रेमाश्रम' उपन्यास की शिल्पगत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 6. | आदर्शोन्मुख यथार्थवाद से आपका क्या अभिप्राय है? | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | प्रेमचंद का व्यक्तित्व और उनकी जीवन दृष्टि भारतीय समाज और साहित्य के संदर्भ में किस प्रकार प्रभावशाली रही है? वर्णन कीजिए। | 6 |
| 8. | प्रेमचंद के उपन्यास 'सेवासदन' की अंतर्वस्तु का विश्लेषण करते हुए, इसमें अभिव्यक्त सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं पर प्रकाश डालिए। | 6 |
| 9. | 'रंगभूमि' में प्रेमचंद ने आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की अवधारणा को किस प्रकार विकसित किया है? समझाइए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 117 | **Course Title:** प्रेमचंदोत्तर हिंदी उपन्यास |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| Q.No. | NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words) | Marks |
|---|---|---|
| 1. | उपन्यास 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' की पात्र योजना का विश्लेषण कीजिए। | 2 |
| 2. | 'राग दरबारी' उपन्यास में निहित व्यंग्य के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 3. | 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास के शैली–शिल्प पर प्रकाश डालिए। | 2 |
| 4. | कृष्णा सोबती के उपन्यास 'जिंदगीनामा' की अंतर्वस्तु को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 5. | 'झूठा सच' उपन्यास में वर्णित राजनीतिक मूल्यहीनता से क्या अभिप्राय है? | 2 |
| 6. | 'दादा कामरेड' उपन्यास की कथावस्तु को रेखांकित कीजिए। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| Q. No. | NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words) | Marks |
|---|---|---|
| 7. | यशपाल के उपन्यास 'झूठा सच' में देश विभाजन के सामाजिक, राजनीतिक प्रभावों की चर्चा कीजिए। | 6 |
| 8. | कृष्णा सोबती के उपन्यास 'जिन्दगीनामा' में अभिव्यक्त नारी पात्रों की भूमिका और उनके संघर्ष का वर्णन कीजिए। | 6 |
| 9. | उपन्यास 'राग दरबारी' में चित्रित स्वतंत्र्योत्तर भारत के राजनीतिक परिदृश्य का विश्लेषण कीजिए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 118 | **Course Title:** पाश्चात्य काव्यशास्त्र |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | अरस्तू के विरेचन सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए। | 2 |
| 2. | मैथ्यू आर्नल्ड के काव्य–चिन्तन की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। | 2 |
| 3. | पाश्चात्य समीक्षा जगत में क्रोचे का योगदान स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 4. | इलियट के निर्वैयक्तिकता के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। | 2 |
| 5. | साहित्य में आदर्श एवं यथार्थ के चित्रण के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए। | 2 |
| 6. | साहित्य में उत्तर आधुनिकतावाद के वर्तमान परिदृश्य को स्पष्ट कीजिए। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | प्लेटो द्वारा काव्य पर लगाए गए आक्षेपों का परिचय देते हुए स्पष्ट कीजिए कि अरस्तू ने उनका निराकरण किस प्रकार किया। | 6 |
| 8. | पाश्चात्य काव्यशास्त्र के क्षेत्र में लोंजाइनस के योगदान की समीक्षा कीजिए। | 6 |
| 9. | आई.ए. रिचर्ड्स के मूल्य सिद्धान्त एवं संप्रेषण सिद्धान्त की प्रमुख संकल्पनाओं का विवेचन कीजिए। | 6 |

# Assignment Question Paper- 2025-26

| | |
|---|---|
| **Session:** 2025-26 | **Max. Marks:** 30 |
| **Program Name:** MA Hindi (MAHI) | |
| **Course Code:** MAHI- 119 | **Course Title:** भारतीय काव्यशास्त्र और हिन्दी समीक्षा |

**NOTE: All questions are compulsory**

**SECTION-A**

**2*6=12 marks**

| **Q.No.** | **NOTE: Short answer type question (approx. 200 to 300 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 1. | काव्य हेतु किसे कहते है? इस सन्दर्भ में विभिन्न भारतीय विद्वानों द्वारा दी गई परिभाषाओं का सार बताइए। | 2 |
| 2. | 'कला कला के लिए' से क्या तात्पर्य है? | 2 |
| 3. | शब्द शक्तियाँ क्या हैं? इनके प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 4. | भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख संप्रदायों का संक्षिप्त परिचय दीजिए। | 2 |
| 5. | 'साधारणीकरण' से आप क्या समझते हैं? रस निष्पत्ति में यह किस प्रकार सहायक है? | 2 |
| 6. | निबद्धकाव्य एवं अनिबद्ध काव्य के प्रमुख रूपों का परिचय देते हुए इनका अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2 |

**SECTION- B** **6*3=18 marks**

| **Q. No.** | **NOTE: Long answer type question (approx. 500 to 800 words)** | **Marks** |
|---|---|---|
| 7. | भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों द्वारा प्रदत्त काव्य लक्षणों की समीक्षा करते हुए निष्कर्षस्वरूप अपना मत प्रस्तुत कीजिए। | 6 |
| 8. | काव्य प्रयोजन से क्या तात्पर्य है? भारतीय काव्यशात्रियों द्वारा काव्य प्रयोजन के संबंध में दिए गए विचारों का संक्षिप्त विवेचन कीजिए। | 6 |
| 9. | हिन्दी अलोचना में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। | 6 |

**नोट– MAHI-120** मौखिकी परीक्षा के रूप में निर्धारित है।

इसमें अधिन्यास नहीं है।